आईटीआई लिमिटेड में 78वीं स्वतंत्रता दिवस मनाया।

आईटीआई लिमिटेड ने 15 अगस्त, 2024 को निगमित कार्यालय में पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ राष्ट्र का 78वीं स्वतंत्रता दिवस मनाया। आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री राजेश राय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समारोह में भाग लिया।

श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेश (वित्त) ने निगमित कार्यालय, बेंगलूरु में श्रीमती एस जेयंति, निदेशक (उत्पादन) और निदेशक-मानव संसाधन (अतिरिक्त प्रभार), श्री सी वी रमण बाबू, निदेशक (विपणन), वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, कर्मचारी संघ एवं अधिकारी संघ के प्रतिनिधि एवं परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण पश्चात् राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज फहराया एवं झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगीत गया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री राजेश राय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री राजेश राय ने सभी को अपनी शुभकामनाएँ दीं। हमारे देश को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्र बनाने के लिए जो अपने प्राणों की आहुती दी और उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

श्री राजेश राय ने कंपनी के कार्यनिष्पादन एवं ज़ारी परियोजनाओं की स्थिति, ऑर्डर बुक की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी कर्मचारियों से वर्ष 2024-25 हेतु चुनौतियों को पूरा करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आदेशों को निष्पादित करने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), श्रीमती एस जेयंति, निदेशक (उत्पादन), निदेशक-मानव संसाधन (अतिरिक्त प्रभार) एवं श्री सी वी रमण बाबू, निदेशक (विपणन) द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पादन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।